दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, रविवार 24 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकसभा की सभी 11 सीटें भाजपा जीतेगी: जाल

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव की तिथियों का एवं नामांकन तिथियों की घोषणा के साथ ही देश के प्रमुख राष्ट्रीय दलों द्वारा 545 लोक सभा सीटों के लिए सूची जारी करने का दौर शुरु हो गया है। उत्कल युवा प्रकोष्ठ के नेता शरद जाल ने पिछले 5 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी कार्यों के आधार पर विश्वास व्यक्त किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। जाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी सहित सभी 10 लोक सभा क्षेत्रों में भाजपा सांसदों द्वारा अरबों रुपये के विकास कार्य किये गये। जनकल्याणकारी कार्यों के आधार पर उन्हें विश्वास है कि देश की सुरक्षा के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार का भारी बहुमत से जीतना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि मोदी पुनः 17वीं लोक सभा में भारी बहुमत से जीतकर सरकार बनायेंगे।

### वाहन की टक्कर से किशोर घायल, आक्रोशित लोगों ने की वाहन चालक सहित 4 लोगों की जमकर पिटाई, एक ने तोड़ा दम

**जशपुर(आरएनएस)।** जशपुर जिले के लोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामटोली में एक सड़क हादसे के बाद आक्रोशित लोगों द्वारा एक वाहन सवार वृद्ध की जमकर पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने करीब 6 लोगों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जामटोली गांव में कल रात में एक वाहन की टक्कर से एक बालक घायल हो गया। इस घटना के बाद वहां मौजूद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और वाहन चालक सहित उसमें सवार चार लोगों की जमकर पिटाई कर दी। इससे वाहन में सवार एतवाराम (60 वर्ष) की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मारपीट करने वाले करीब 6 लोगों को हिरासत लिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### डीजे बजाने के विवाद में मारपीट ,पुलिस ने किया काउंटर केस दर्ज

**रायपुर(आरएनएस)।** डीजे बजाने के विवाद में दो लोगों द्वारा आपस में गाली-गलौज व मारपीट किये जाने की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आर्य समाज स्कूल के पास राजेंद्रनगर सिविल लाईन रायपुर निवासी भरत नेताम 30 वर्ष पिता स्व.रुप सिंह नेताम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 21 मार्च को होली के दिन डीजे बजाये जाने के विवाद पर सुशांत यादव निवासी राजेन्द्रनगर ने गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीटकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने सिविल लाईन थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं एकता चौक राजेंद्रनगर सिविल लाईन रायपुर निवासी प्रार्थिया कुमारी स्वाती यादव 20 वर्ष पति नरेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि एकता चौक के पास भरत नेताम ने प्रार्थिया को डीजे बजाये जाने पर विवाद कर गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर चोट पहुंचाया। प्राथिर्या की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर घटना को जांच में लिया है।

### 22 लायसेंसी शस्त्र को जमा करने से दी गई छूट

**कोरबा (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2019 के कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल द्वारा जिले में शस्त्र लायसेंस की परीक्षण हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णय अनुसार जिले में दर्ज 252 अनुज्ञप्ति में से 237 अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया था एवं जिले से जारी 15 अनुज्ञप्ति तथा अन्य जिले से जारी पांच अनुज्ञप्ति में दर्ज शस्त्र को बैंक/कालोनी की सुरक्षा एवं खेल प्रतियोगिता हेतु शस्त्र जमा करने से छुट प्रदान की गई थी। उक्त संबंध में जिले से जारी दो अनुज्ञप्ति में दर्ज शस्त्र को बैंक सुरक्षा हेतु छूट के संबंध में प्राप्त आवेदन पर समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार उक्त दो अनुज्ञप्ति को निलंबन सूची से पृथक करते हुए अनुज्ञप्ति में दर्ज शस्त्र को लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान जमा करने से छूट प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल 22 अनुज्ञप्ति में दर्ज शस्त्र को लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान जमा करने से छूट प्रदान की गई है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सरोना ओव्हरब्रीज के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पायी है। आमानाका पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को कल रात में सूचना मिली की सरोना ओव्हरब्रीज के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास इलाके में रहने वाले लोगों से मृतक के बारे में पूछताछ की जा रही है। शव की पहचान होने के बाद ही पुलिस आगे की विवेचना करेगी।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** मोहबा बाजार ओवरब्रिज पर शनिवार को सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूर बालोद निवासी मृतक खिलेश्वर देवांगन आज सुबह अपनी बाइक से रायपुर की तरफ आ रहा था। जैसे ही वो मोहबा बाजार ओवरब्रिज पर पहुंचा तभी रायपुर से तेज रफ्तार में टाटीबंध की ओर जा रही सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 2373 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खिलेश्वर बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया लेकिन जब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निरीह-निर्दोष ग्रामीणों को विस्फोट से उड़ाकर नक्सलियों ने मानवता को किया शर्मसार

**बस्तर में नक्सली या तो पागल हो गए अथवा होशोहवास खो बैठे हैं**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सक्रिय नक्सली या तो बौखलाकर पागल हो गए हैं अथवा अपने होशोहवास खो बैठे हैं। पुलिस, उनके मुखबिरों, ग्रामीणों के खून से होली खेलते-खेलते अब निरीह, निहत्थे ग्रामीणों को विस्फोट से उड़ाकर नक्सली अपनी विकृत हो रही मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। नक्सलियों का यह घिनौना कृत्य घोर निंदनीय है।



### विचारधारा से भटक गए नक्सली

नक्सलियों के वर्तमान ओछे कारनामें यह इंगित करते हैं कि, उनकी आदर्शवादिता, शोषण, अत्याचार के खिलाफ अलख जगाने की दुहाई निहायत ढोंग व मिथ्या प्रचार है। सरकार एवं पुलिस के खिलाफ जुल्म व अत्याचार के आरोप जड़ी हुई विज्ञप्तियां प्रसारित करने वाले स्वयं कितने आदर्शवादी हैं, यह कल रात नैमेड़ विस्फोट की घटना से स्वयं प्रमाणित हो जाता है। 9 ग्रामीणों के प्राण छीनने धमाका कर नक्सलियों ने जुल्म-अत्याचार की सारी मर्यादाएं फलांग कर मानवता को भी शर्मशार कर दिया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि वे अपने मूल उद्देश्य, सिद्धांत तथा विचारधारा से विचलित और विमुख हो गए हैं। जरायम पेशा मानसिकता के तत्वों ने अब नक्सलवाद की कमान थाम ली है। नक्सली यदि ऐसी ही घिनौनी कारगुजारियों को अंजाम देते रहेंगे तो जनता की रही-सही सहानुभूति से भी हाथ धो बैठेंगे।

### सोची समझी कार्रवाई

यह सर्वविदित है कि नक्सलियों का सूचना तंत्र बेहद मजबूत तथा तेज है माना जाता है, इसीलिए वे सरकार तथा पुलिस पर लगातार भारी पड़ रहे हैं। सुसंगठित सूचना तंत्र के बावजूद उन्होंने वाहन में सवार 9 ग्रामीणों को मौत की नींद सुलाने का प्रयास किया। जब उन्हें मालूम था कि वाहन में ग्रामीण ही सवार हैं, तो फिर ऐसी नासमझी आखिर क्यों की गई। यानि यह समझा जाए कि सोची-समझी रणनीति के तहत ही ग्रामीणों की जान लेने की कोशिश की गईं।

### क्यों मौन हैं नक्सली नेता

शोषकों एवं वर्ग शत्रुओं का सफाया ही नक्सलवादी क्रांति की आत्मा का मुय लक्ष्य था, परंतु वर्तमान तथाकथित आंदोलन में सिर्फ और सिर्फ लूटपाट, हिंसा, आतंक, अत्याचार, अपहरण तथा खून खराबे का बोल-बाला दिखलाई दे रहा है। समकाल में उनका मकसद भले-बुरे कार्यों के निष्पादन के लिए रास्ता साफ करने की नीयत से दहशत फैलाना है। क्या निरीह ग्रामीणों की हत्या कर आतंक के नाम ऐसा बर्बर असहिष्णु तंत्र खड़ा करना ही नक्सलवादी आत्मा का लक्ष्य था ? ऐसे मामलों में नक्सलियों के दिग्गज नेताओं की चुप्पी यह दर्शाती है कि शायद उन्होंने बस्तर में ऐसे दुष्कृत्यों की स्वीकृति दे दी है।

## 112 की त्वरित सहायता से होली में लोगों को मदद् मिली

**होली शांतिपूर्वक मनाये जाने में पुलिस की भूमिका सराहनीय रही**

**रायपुर(आरएनएस)।** गत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष राजधानी सहित प्रदेश में लोगों ने शांतिपूर्वक होली त्यौहार के अवसर पर रंग गुलाल खेलकर आनंदपूर्वक रंग लगाकर होली का मजा लिया। पुलिस कंट्रोल रुम में कायम व्यवस्था 112 की त्वरित सहायता लोगों को होली के दिन भी मिली। रंग गुलाल के बीच किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने तगड़े इंतजाम किये थे। नवइजाद 112 की भूमिका ने होली पर्व पर अपराधों को रोकने में अहम योगदान दिया है। वरिष्ठ नागरिकजनों की समिति के पदाधिकारियों एसके भार्गव, एसडी शर्मा, जीएस राम मूर्ति, चेतन भारती, डॉ. जेआर सोनी, डॉ. एसके बैनर्जी, डॉ. अशोक शर्मा, पूर्व वनमंडलाधिकारी एसके सूद, पूर्व अधीक्षण अभियंता हरीष चंद्र शुक्ला, एसके साहू, जलाराम यादव एवं श्रीमती कविता साहू ने 112 की सहायता मिलने पर पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी, आईजी एवं पुलिस अधीक्षक रायपुर को कोटि-कोटि बधाई देते हुए आने वाले त्यौहारों में भी इसी तरह शांति व्यवस्था कायम करने की उम्मीद जताई है।

### चुनाव में लापरवाही, दो कर्मचारी निलंबित

**जगदलपुर(आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अय्याज तम्बोली ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। डॉ. तम्बोली ने निलंबन की यह कार्यवाही भानपुरी एसएसटी में तैनात वनपाल मदन सिंह नाग और आसना एसएसटी में तैनात कृषि विकास अधिकारी अनिल सलाम के विरुद्ध की है। लोकसभा निर्वाचन के दौरान नगद राशि, शराब, अवैध हथियार और मतदाताओं को लालच देने के लिए विभिन्न सामग्री के परिवहन पर निगरानी के लिए इन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

## भीषण गर्मी एवं लू की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए बचाव के लिए दिशा- निर्देश जारी

**रायपुर(आरएनएस)।** जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण पिछड़े कुछ वर्षो से छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्सों में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने इत्यादि की बढ़ती हुई प्रवृत्ति देखी गई जो जून माह तक चलती है। इस वर्ष भी माह अप्रैल से तापमान बढ़ने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।



इसे दृष्टिगत रखते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1-69/राहत/ दिनांक 31 जनवरी 2019 को सभी संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर भीषण गर्मी उनके दौरान नागरिकों को लू से बचाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जिलों में भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु ''लू-कार्ययोजना'' बनाने तथां पाम्पलेट तैयार कर ''लू लगने से बचाव हेतु क्या करें, क्या ना करें '' का पोस्टर तैयार कर सभी ग्राम पंचायतों, विकासखण्डों, तहसीलों एवं जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ''लू' से बचाव'' के संबंध में जानकारी देने तथा कलाजत्था के सहयोग से गीत, नुक्कड़ नाटक एवं प्रहसन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया है। इसी तरह सभी जिला मुख्यालयों में कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए है। इसके लिए सभी जिला, तहसील एवं विकासखण्ड़ स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर उनके दूरभाष, मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल की जानकारी भी रखी जाएगी।

## राजधानी में होली के दूसरे दिन चाकू बाजी में आधा दर्जन लोग हुये घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में होली के दूसरे दिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाकू बाजी व मारपीट की घटनाएं में आधा दर्जन लोगों के घायल होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने में नेहरु नगर रायपुर निवासी दाऊ निषाद 24 वर्ष पिता पंचू निषाद 22 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करायी है कि नेहरुनगर ढ़ाल के पास सुशील पात्रे 19 वर्ष पिता खेलन ने बिना कारण कैची से जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं अछोली उरला निवासी राकेश वर्मा 57 वर्ष पिता मुन्नालाल वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 मार्च को पूर्व विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुये उमेश मेहर, सुनील निषाद, बिस्सर एवं अन्य ने चाकू एवं हाथ -पांव से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है। इसीतरह भीमनगर पुरानी बस्ती निवासी रवि नागरची 26 वर्ष पिता ओम प्रकाश नागरची ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 मार्च को भीमनगर निवासी भुरु ने देर रात तक क्यो घुमता है कहने पर प्रार्थी से विवाद कर गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर किसी नुकीली चीज से बाए गाल के पास वार कर घायल कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506बी, 323 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है। एवं मंदिर हसौद तेलीबांधा रायपुर निवासी सूर्यप्रताप कुशवाहा 21 वर्ष पिता देवी सिंह कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।



### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पोंडी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम जटगा फरिस्ट ऑफि स के पास दो मोटरसाइकिल सवार आपस में भीड़ गए। रतनपुर से दो लोग मोटर साइकिल सवार एवं जटगा के दो लोग मोटर सायकिल सवार आपस में भीड़ गए। जिसमें महेशकुमार पावले पिता दुकाल सिंह निवासी बरभाठा जटगा, त्रिभुवन सिंह विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष पिता झिटकु राम विश्वकर्मा रतनपुर, सहदेव राम रोहिदार पिता बंधन राम रोहिदार 29 निवासी बरभाठा जटगा रेंज के समीप मोटरसाइकिल से भिड़ंत होने पर घायल हो गए जिन्हें कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिनमें तीन लोगों को गंभीर चोट आई है।

## निगरानी दलों का सघन जांच अभियान जारी

**अब तक 47.78 लाख की अवैध सामग्री और नगदी जब्त**

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने अवैध सामग्रियों और नगद राशि के परिवहन पर निगरानी दलों द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुब्रत साहू के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालयों द्वारा गठित उड़नदस्तों, स्थैतिक निगरानी दलों और पुलिस की टीम ने 21 मार्च 2019 तक कुल 47 लाख 78 हजार 622 रूपए कीमत की सामग्री और नगद राशि जब्त की है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सघन जांच के दौरान 21 मार्च 2019 तक 24 लाख 30 हजार 200 रूपए की नगद राशि जब्त की गई है। निगरानी दलों ने इस दौरान तीन लाख 83 हजार 372 रूपए कीमत की एक हजार 853 लीटर शराब भी जब्त की है। उड़नदस्तों और स्थैतिक निगरानी दलों ने अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे लैपटाप, वाहन, साड़ी, प्रेशर कुकर आदि सामग्री भी जब्त किए हैं। इनकी कीमत 19 लाख 65 हजार रूपए है।

## लहसुन का पेस्ट दूर कर सकता है त्वचा की कई समस्याएं



लहसुन केवल खाने में ही इस्तेमाल नहीं होता, इसके पेस्ट से त्वचा की कई परेशानियों को दूर किया जा सकता है। लहसुन में एंटी इन्फ्लैमेटरीम, एंटीएजिंग सहीत कई अन्य गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सेहत को सही रखकर, आपकी सुंदरता बढ़ाने में फायदेमंद होते है। लहसुन का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से कई त्वचा संबंधी समस्या का हल हो सकता है। आइए, जानते हैं लहसुन से निखरी त्वचा पाने के तरीके -

1. लहसुन के रस को मुंहासों पर लगाएं और 5 मिनट तक छोड़ दे। इसके बाद अपने चेहरे को धो लिजीए। ऐसा नियमित करने से चेहरे के दाग-धब्बे हटाने लगते है।

2. लहसुन की एक कली को पीसकर, आधे टमाटर के साथ मिलाइए और इसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 10 मिनट तक लगाकर रखे फिर चेहरा धो ले। इससे आपके स्किन के रोम छिद्र खुलते हैं और त्वचा साफ होती है।

3. लहसुन के रस और जैतून के तेल को मिलाकर हल्का गर्म करें। अब इस तेल को स्ट्रेच मार्क पर लगाएं। ऐसा नियमित करने से कुछ दिनों में आप देखेंगे कि आपके स्ट्रेच मार्क कम होते जाएंगे।

## फिल्म इंडस्ट्री में नहीं मिलते हैं अच्छे दोस्तः सनी लियोनी



ऐक्ट्रेस सनी लियोनी का मानना है कि एंटरटेनमेन्ट इंडस्ट्री के लोग और सबसे खराब दोस्त होते हैं। सनी लियोनी ने जूम के एक चैट शो के दौरान कहा कि जब आपको भावानात्मक या शारीरिक रूप से इन लोगों की जरूरत होगी तब कोइ साथ नहीं देगा। साथ ही कहा कि कुछ लोगों को छोड़ दिया जाए तो इंडस्ट्री में उन्हें किसी का सपॉर्ट नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कई बार हम खुद अपने जन्मदिन के लिए भी मौजूद नहीं होते हैं, किसी और के जन्मदिन की बात ही मत करिए। सनी का कहना है कि मैं इंडस्ट्री से ज्यादा अपेक्षाएं नहीं रखती, इसलिए कभी निराश नहीं होती हूं।

## थिएटर मुख्यधारा के सिनेमा से अलग मंच और माध्यम होता हैः मिनिषा लांबा



बॉलीवुड अभिनेत्री मिनिषा लांबा का कहना है कि थिएटर मुख्यधारा की फिल्मों से अलग, दर्शकों से सीधा रूबरू कराने और अपनी बात उनके दिल में उतारने का बिल्कुल अलग किस्म का माध्यम है। मिनिषा लांबा एक नाटक हैलो जिंदगी में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि थिएटर मुख्यधारा के सिनेमा से अलग मंच और माध्यम होता है।

हालांकि मुझे पहले इसमें काम करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मुझे ये बहुत पसंद है। नाटक में अपने किरदार के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार नाटक है। इसमें मैंने एक बहू का किरदार निभाया है जो अपने पति को तलाक दे चुकी है और अपनी सास के साथ रहती है, जिसके बाद वहां कई हास्य परिस्थितियां पैदा होती हैं। नाटक के निर्देशक रमन कुमार के बारे में अभिनेत्री ने कहा कि वे थिएटर के विशेषज्ञ हैं, और कलाकार को काफी सहयोग करते हैं। नाटक के साथी कलाकारों के बारे में पूछने पर मिनिषा ने बताया कि हम लोगों ने काफी मजा किया। उनके साथ काम करने का अनुभव मजेदार रहा।